राजधानी में लगातार चौथे दिन भी पेयजल संकट बरकरार रहा। गुरुवार देर रात कोलार लाइन में सुधार कार्य पूर्ण होने जाने के बाद शुक्रवार दोपहर को कुछ क्षेत्र में कोलार जलप्रदाय किया गया, लेकिन अधिकांश समय हैंडपंपों पर क्षेत्रीय रहवासियों की खाली बर्तनों के साथ भीड़ देखी गई।

रेलवे निर्माण विभाग में सीबीआई छापा, एक लाख की रिश्वत लेते अधिकारी गिरफ्तार

सागर में गिरफ्तारी के बाद भोपाल कार्यालय खंगाला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेलवे के निर्माण विभाग में कथित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने कार्रवाई तेज कर दी है। सागर में रेलवे के उप मुख्य विद्युत अभियंता बुंदेला को एक लाख रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को जांच एजेंसी ने भोपाल स्थित रेलवे कंस्ट्रक्शन कार्यालय में छापा मारकर दस्तावेजों की जांच शुरू की।

सीबीआई की टीम सुबह से कार्यालय में मौजूद रही और विभिन्न फाइलों, रिकॉर्ड तथा विभागीय दस्तावेजों की पड़ताल करती रही। जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित रिश्वतखोरी का मामला किसी बड़े नेटवर्क या अन्य अनियमितताओं से जुड़ा तो नहीं है।

गुरुवार रात सागर में की गई ट्रैप कार्रवाई के दौरान अधिकारी को कथित तौर पर एक लाख रुपये लेते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाने और वित्तीय लेन-देन की जानकारी खंगालने के लिए भोपाल कार्यालय में तलाशी अभियान शुरू किया गया।

सीबीआई की कार्रवाई से रेलवे निर्माण विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जांच एजेंसी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं, जिनकी जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पांच लोग पकड़ाए

नप्र, भोपाल : सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को टीटी नगर और रातीबड़ पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच लोगों को शराब पीते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी से कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जा रहा है। मौके से शराब की बोतलें भी जब्त की गई हैं।

पुरानी रंजिश में युवक पर हमला लाठी-डंडों से जमकर पीटा

कोहेफिजा थाना क्षेत्र के लालघाटी स्थित दुर्गा मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे फरियादी को गंभीर चोटें आईं। पुलिस के अनुसार जितेंद्र, मोहन और मिथुन ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती,शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती एक युवती के लिए परेशानी का कारण बन गई। इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क में आए एक युवक पर शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, युवती की आरोपी युवक से इंस्टाग्राम पर पहचान हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया और पिछले करीब एक वर्ष के दौरान शहर के विभिन्न होटलों में ले जाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि युवक लगातार उससे शादी करने का आश्वासन देता रहा। जब उसने विवाह को लेकर दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। खुद को ठगा महसूस करने पर युवती ने पुलिस की शरण ली और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस होटल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य जुटाने में लगी है।

कोलार से जलापूर्ति प्रारंभ, आज सभी क्षेत्रों में होगा जलप्रदाय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम द्वारा कोलार जलप्रदाय परियोजना की 1650 एमएम व्यास की ग्रेविटी मेन पाईप लाईन में आवश्यक सुधार कार्य एवं थ्रस्ट ब्लाक निर्माण कार्य गुरूवार देर रात्रि को पूर्ण किया गया और शुक्रवार को प्रातः से ही अनेक क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रारंभ कर दिया गया।

शहर के नागरिकों को शनिवार, 06 जून 2026 से सुचारू रूप से पेयजल प्राप्त होगा। नगर निगम द्वारा कोलार जलप्रदाय परियोजना की ग्रेविटी मेन लाईन में आवश्यक सुधार कार्य हेतु कोलार जलशोधन संयंत्र पर गत 02 जून 2026 को शट डाउन लिया जाकर पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया और निर्धारित समय में मरम्मत कार्य पूर्ण करते हुए थ्रस्ट ब्लाक के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया परंतु गुरूवार को सांयकाल आई आंधी एवं बारिश के कारण उक्त कार्य बाधित हुआ। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश के तहत जलकार्य विभाग के अमले ने युद्धस्तर पर कार्य पुनः प्रारंभ करते हुए गुरूवार देर रात्रि कार्य पूर्ण किया और शुक्रवार को प्रातः कोलार परियोजना से जलप्रदाय अनेक क्षेत्रों में प्रारंभ किया गया और धीरे-धीरे कोलार परियोजना से संबंधित समस्त क्षेत्रों की टंकियों में पानी पहुंचाना प्रारंभ किया गया।

शुक्रवार को अधिकांश क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रारंभ की गई तथा शनिवार को कोलार परियोजना से संबंधित सभी क्षेत्रों के नागरिकों को सुचारू रूप से पेयजल प्राप्त होगा।

निगम प्रशासन ने कोलार जल परियोजना में आवश्यक संधारण कार्यों के कारण जलापूर्ति बाधित होने से नागरिकों को हुई असुविधा पर खेद व्यक्त किया है तथा शहर के नागरिकों द्वारा दिये गये सहयोग पर आभार भी व्यक्त किया है।

वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर परिचर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) और मानव संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

परिचर्चा सत्र का शुभारम्भ स्वागत उदबोधन से हुआ, जिसमें मनीष गौतम, निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, भोपाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात पराग मांदले, सहायक निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो ने

केंद्र सरकार के विगत 12 वर्षों के जनकल्याणकारी कार्यों एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पहलों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मालती राय रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण से हुई, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण पर सामूहिक संकल्प लिया गया। परिचर्चा सत्र में विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। ऊर्जा संरक्षण, जल बचत, दैनिक जीवन में पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सोशल मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्रीमती राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही सुरक्षित भविष्य संभव है। कार्यक्रम में जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया गया।

वाहन चोर सक्रिय, तीन घंटे में तीन दोपहिया वाहन चोरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रातीबड़ क्षेत्र से एक होंडा बाइक, कोलार से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और निशातपुरा से एक स्कूटी चोरी हुई है। तीनों वाहन दिन के समय चोरी हुए, जिससे पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को उनके निवास पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा चुनाव में मध्यप्रदेश से प्रत्याशी तरुण चुग ने सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव ने उन्हें विजय की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा उपस्थित रहे।

लापरवाही से वाहन चलाना पड़ा भारी,दो अलग-अलग हादसों में कई लोग घायल

नप्र, भोपाल : शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

अवधपुरी क्षेत्र में एक युवती द्वारा तेज गति से बाइक चलाने के दौरान टक्कर मारने की घटना सामने आई, जबकि बागसेवनिया इलाके में एक ट्रक की टक्कर से दूसरा हादसा हुआ। दोनों घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसबीआई की हरित पहल, बड़े स्तर पर पौधरोपण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य कार्यक्रम भोपाल स्थित रेवा परिसर में आयोजित हुआ, जहां भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि और महाप्रबंधक मनोज कुमार ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को

अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में एसबीआई सस्टेनेबिलिटी प्लेज का सामूहिक वाचन भी किया गया, जिसमें ऊर्जा संरक्षण, जल बचत, अपशिष्ट प्रबंधन और हरित कार्यप्रणालियों को अपनाने का संकल्प लिया गया। भोपाल मंडल की सभी शाखाओं और कार्यालयों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सिंदूर वाटिका में सारंग ने किया पौधारोपण

नप्र, भोपाल : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहकारितामंत्री विश्वास सारंग ने नरेला विस क्षेत्र के अन्ना नगर स्थित सिंदूर वाटिका में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पौधारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है।

भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी चुघ एवं अग्रवाल आज नामांकन दाखिल करेंगे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी तरूण चुघ एवं रजनीश अग्रवाल शनिवार 6 जून को प्रातः 11:30 बजे प्रदेश कार्यालय से नामांकन दाखिल करने के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित कोर कमेटी के सदस्यों व वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में विधानसभा पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे।

इससे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ राज्यसभा प्रत्याशी प्रदेश कार्यालय में पार्टी पितृपुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे।

आम सूचना

(आवासीय डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 41/5/2/1/1/2 रकबा 0.0839 हेक्टेयर स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा, तहसील हुजूर, वार्ड नं. 79, जिला भोपाल म.प्र. के सम्बंध में)

मैं अपने पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उन्होने श्री सुनील चौकसे पुत्र श्री बाल मुकुंद चौकसे आयु वयस्क, निवासी म.नं. 270, न्यू लाम्बाखेडा, बैरसिया रोड, भोपाल म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 41/5/2/1/1/2 रकबा 0.0839 हेक्टेयर स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा, तहसील हुजूर, वार्ड नं. 79, जिला भोपाल म.प्र., जिसकी चतुर्थ सीमाये पूर्व में अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में अन्य की सम्पत्ति, उत्तर में अन्य की सम्पत्ति एवं दक्षिण में 20 फिट चौड़ा रास्ता है, को क्रय करने हेतु टोकन अदा कर दी है। यदि इस संव्यवहार के सम्बंध में संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो या उपरोक्त संपत्ति कहीं रहन, बंधक, दान, गिरवी रखा हो अथवा कोई ऋण भार आदि बकाया हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार संपत्ति के विक्रयपत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करने हेतु स्वतंत्र होगा।

प्रज्जवल शर्मा, अधिवक्ता
कार्या. 9-10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिष्ठान के उपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र.
मो. 7000240546

-: जाहिर सूचना :-

कृषि भूमि स्थित ग्राम-दाहोद, पटवारी हल्का नम्बर-05 (पटवारी हल्का-दाहोद), तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती ममता सिंह पत्नी श्री अजय सिंह निवासी–मिसरोद, भोपाल जिला–भोपाल (म.प्र.) ने विक्रेता श्री कल्लू आत्मज श्री आशाराम जाति–गौड निवासी ग्राम दाहोद तहसील–गौहरगंज, जिला रायसेन (मध्य प्रदेश) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम दाहोद, पटवारी हल्का नम्बर–05 (पुराना पटवारी हल्का नम्बर 02), (पटवारी हल्का दाहोद), तहसील–गौहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) में स्थित है, जिसका भूमि खसरा नम्बर–683/1 (एस) रकबा 1.2140 हेक्टेयर अर्थात 3.00 एकड़ भूमि में से विक्रय रकबा 0.8090 हेक्टेयर अर्थात–2.00 एकड़ भूमि जिसकी चतुर्थ सीमायें–पूर्व में–विक्रय खसरा नम्बर की शेष भूमि, पश्चिम में–भूमि खसरा नम्बर–23 की भूमि, उत्तर में–भूमि खसरा नम्बर–683/2/4 की भूमि एवं दक्षिण में–684/3/2 की व अन्य की भूमि को क्रय करने (खरीदने) का करार (विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित) कर लिया है जिसके विक्रय–पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष (बाकी) है, यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितवद्ध व्यक्ति इत्यादि को उक्त भूमि का अंश भाग अथवा एक मुश्त (एक साथ) विक्रय/हस्तान्तरण किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि कहीं अन्यत्र, रहन, विक्रय, अनुबंध, दान, बंधक आदि हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री पश्चात् नामान्तरण अपने पक्ष में करा लेगा, समयावधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा शून्य, अवैधानिक व झूठी समझी जावेगी।

भवदीय **विनोद साहू** एडवोकेट
कार्यालय साहू लॉ चेम्बर
बिजली घर के सामने, उप एंजीयक कार्यालय के पास, गौहरगंज रोड, औबेदुल्लागंज, जिला-रायसेन (म.प्र.)
मोबाईल नम्बर-9993059594

आम सूचना

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी-2, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री हिमांशु मिश्रा आत्मज स्व. श्री सुनील मिश्रा द्वारा एक किता आवासीय मकान जो भूखण्ड नं. 72 पर निर्मित है, उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 85.40 वर्गमीटर है, जो अमृतपुरी कॉलोनी, ग्राम-खजूरीकलां, पटवारी हल्का नं. 19, वार्ड नं. 60, तहसील - हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब में भूखण्ड नं. 73, पश्चिम में भूखण्ड नं. 71, उत्तर में–रोड़, एवं. दक्षिण में - भूखण्ड नं. 55, को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति वर्तमान में श्री हिमांशु मिश्रा आत्मज स्व. श्री सुनील मिश्रा के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय-पत्र दिनांक 18/08/2003, जो उप-पंजीयक कार्यालय भोपाल में पु. क्र.-अ-1, गृ. नं.-19715, 9 पृष्ठ 58-66, व. क्र.- 1118 पर श्री सुकुल सिंह उइके आत्मज श्री सुंदरलाल उइके के नाम विधिवत पंजीबद्ध है, उक्त मूल विक्रय-पत्र दिनांक 18.08.2003 कहीं गुम हो जाने के कारण श्री हिमांशु मिश्रा के पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना ऐशबाग, जिला भोपाल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 02/06/2026 को दर्ज कराई गई है, उक्त खो गये मूल विक्रय-पत्र दिनांक 18.08.2003 का कोई दुरूपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल विक्रय-पत्र दिनांक 18.08.2003, किसी भी व्यक्ति को मिले या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और तत्संबंध में मेरा पक्षकार न्यायसंगत कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय **धर्मेन्द्र सिंह** अधिवक्ता
कार्या.- I-26, वर्धमान ग्रीन पार्क कॉलोनी, अशोका गार्डन भोपाल म.प्र. मो. 9827452301

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी/83/2026
प्रदीप कुमार दीवान बनाम झरनेश्वर नागरिक सहकारी बैंक
NEXT DATE :28-07-2026

प्रेषिती, आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार दीवान पता-मकान नंबर-41, ज्योति नगर दानिश नगर, होशंगाबाद रोड़, भोपाल, म.प्र. ने मृतक स्व. श्री कृष्ण कुमार दीवान एवं चाचा स्व. रमाशंकर दीवान राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28.07.2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28.07.2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 27/अ-6/20-21

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राजेश सूद आ. सुरेन्द्र पाल सूद निवासी बावड़ियाकंला भोपाल म.प्र.भू.रा.सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती/वसीयत/रजिस्टर्ड विक्रय/दान-पत्र क्रं. दिनांक ग्राम बावड़ियाकंला/प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 287,288,289,290, 291, 296 क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक, के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 12/06/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5/6/26 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन. म.प्र.

Mail ID: cmoobaidullaganj@mpurban.gov.in,

क्रमांक/436/ लो.नि. शाखा/2026 **औ.गंज. दिनांक 05.06.26**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www.mptender.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत जिविदा सूचना आमंत्रण एंव अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं की जावेगी।

क्रं.	आनलाईन निविदा क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत धरोहर राशि (रू)	विड जमा करने की अंतिम	निविदा आमंत्रण क्रम	समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू)
1.	2026_UAD_507079_1	वार्ड क्रमांक 10 अर्जुन नगर गांधी पार्क में महात्मा गांधी उद्यान का निर्माण कार्य।	रू. 91.97 लाख 68,985/-	15.06.2026	प्रथम	180 दिवस	10,000/-
2.	2026_UAD_512147_1	वार्ड क्रमांक 06 इकलामा में शिव मंदिर से लेकर परशराम नागर के घर से होते हुये सीमा ठाकुर के घर तक सी.सी रोड़ निर्माण कार्य।	12.10 लाख 9.080/-	02.07.2026	प्रथम	90 दिवस	2,000/-
3	2026_UAD_505803_2	वार्ड क्रमांक 09 में बावडी मौहल्ला एंव पीठा मौहल्ला नवीन जल वितरण पाईप लाईन कार्य ।	4.74 लाख 4.745	24.06.2026	द्वितीय	30 दिवस	2,000/-
4.	2026_UAD_512836_1	स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत वेस्ट कलेक्शन एंड प्रोसेसिंग प्लांट निर्माण कार्य	94.65 लाख 70,590	21.07.2026	प्रथम	180 दिवस	10,000/-
5.	2026_UAD_509721_1	कार्यालयीन कार्य में समय-समय पर होने उपयोग में आने वाली आवश्यक लेखन सामग्रिया (stationery items) निविदा प्रपत्र में संलग्न सूची अनुसार आवश्यकता होने पर समय-समय पर क्रय किया जाना वर्ष 2026-27 हेतु	1.64 लाख 3,280/-	18.06.2026	प्रथम	31.03.2027 तक	2000/-
6.	2026_UAD_509724_1	साफ-सफाई कार्य अन्तर्गत उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्रिया निविदा प्रपत्र में संलग्न सूची अनुसार आवश्यकता होने पर समय-समय पर क्रय किया जाना वर्ष 2026-27 हेतु	15.37 लाख 11,535/-	02.07.2026	प्रथम	31.03.2027 तक	2,000/-
7.	2026_UAD_483646_1	जल प्रदाय व्यवस्था अन्तर्गत समय-समय पर होने वाले संचालन / संधारण आदि कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र में संलग्न सूची अनुसार विभिन्न प्रकार की मोटरपंप/केवल/पाईप इत्यादि सामग्रियों क्रय किया जाना। वर्ष 2026-27 हेतु	20.00 लाख 15,000/-	18.06.2026	द्वितीय	31.03.2027 तक	2,000/-
8	2026_UAD_491697_2	जल शुद्धता कार्य में उपयोग हेतु सामग्री (एलम, ब्लीचिंग पावडर एवं क्लोरीन गैस के सिलेण्डर) क्रय किया जाना। वर्ष 2026-27 हेतु	12.00 लाख 9,000/-	19.06.2026	द्वितीय	31.03.2027 तक	2,000/-

(लक्ष्मी सोनू चौकसे) अध्यक्ष | **(नमिता बागीश अग्रवाल) उपाध्यक्ष** | **(सुनील सेरिया) सभापति** | **(मुख्य नगरपालिका अधिकारी) नगर परिषद औबेदुल्लागंज**